# न्यायालय भू–अभिलेख अधिकारी (S.D.O.) एवं सहायक कलेक्टर, बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : श्री नरेश सोनी, आर.ए.एस.

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या :– 12/2021

प्रार्थी :– इब्राहिम पुत्र अमीनखां, जाति मुसलमान, निवासी सिंधियों की ढांणी, पचपदरा तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)

**बनाम**

विप्रार्थीगण :–

1. गवरीदेवी पत्नी भीखाराम जाति खारवाल निवासी देसूरिया खारोलान् तहसील व जिला जोधपुर,(राज.)
2. जवानराम खरोल पुत्र मांगीलाल, जाति खारवाल, निवासी रमजान का हत्था, नान्दड़ी, जोधपुर
3. सुर्यकान्ता पत्नी भूपेन्द्रसिंह जाति खारवाल निवासी पचपदरा, तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)
4. शेरूखां पुत्र उस्मानखां, जाति मुसलमान, निवासी सिंधियों की ढांणी, पचपदरा, तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)
5. हासमखां पुत्र उस्मानखां, जाति मुसलमान, निवासी सिंधियों की ढांणी, पचपदरा, तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)
6. बरगतखां पुत्र उस्मानखां, जाति मुसलमान, निवासी सिंधियों की ढांणी, पचपदरा, तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)
7. बच्चूखां पुत्र उस्मानखां, जाति मुसलमान, निवासी सिंधियों की ढांणी, पचपदरा, तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)
8. हबीबखां पुत्र उस्मानखां, जाति मुसलमान, निवासी सिंधियों की ढांणी, पचपदरा, तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)
9. मदन प्रजापत पुत्र जेठाराम, जाति प्रजापत, निवासी बालोतरा, तह. पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)
10. रामचन्द्र पुत्र मलाराम, जाति विश्नोई, निवासी जोधपुर, तह. व जिला जोधपुर,(राज.)
11. खींयाराम पुत्र खेताराम, जाति जाट, निवासी अकदड़ा, तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर
12. मैसर्स तनसिंह चौहान, जरिये भागीदार राजेन्द्रसिंह चौहान पुत्र तनसिंह चौहान, जाति राजपूत ,निवासी गाधीनगर बाड़मेर, जिला बाड़मेर
13. बरगतखां पुत्र अमीनखां, जाति मुसलमान, निवासी सिंधियों की ढांणी, पचपदरा तहसील पचपदरा, जिला बाड़मेर (राज.)
14. देवेन्द्र पुत्र शम्भूदयाल सिंघल, जाति अग्रवाल, निवासी C\o ओरियंटल मोटर्स, आगरा रोड़, जयपुर (राज.)
15. रविकुमार पुत्र शम्भूदयाल सिंघल, जाति अग्रवाल, निवासी C\o ओरियंटल मोटर्स आगरा रोड़ जयपुर (राज.)
16. नारायण बोराणा पुत्र रामलाल बोराणा, जाति घाची, निवासी परेवा, हाल निवासी मुम्बई 400078

पेज 2 पर...

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.03.10 18:41:44 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर (S.D.O.) बालोतरा

22/01/2021

Scanned with CamScanner

17. चौथाराम पुत्र रामलाल, जाति घांची, निवासी मुम्बई 400078
18. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार पचपदरा, जिला बाड़मेर

**आवेदन–पत्र अंतर्गत धारा 136, 131 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम् 1956**
**वास्ते रेकर्ड व तरमीम दुरूस्ती**

उपस्थितः– करणसिंह सोलंकी अधिवक्ता प्रार्थी
जोगाराम अधिवक्ता विप्रार्थी संख्या 04 ता 17

दिनांकः– 22.01.2021

## "आदेश"

1. प्रार्थी इब्राहिम की ओर से यह आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 136, 131 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम् 1956 वास्ते तरमीम दुरूस्ती व राजस्व रेकर्ड में इसी प्रकार इन्द्राज दुरूस्ती करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थी ने आवेदन पत्र में व्यक्त किया है कि वह ग्राम सिंधियों की ढाणी, तहसील पचपदरा के खसरा संख्या क्रमशः 1029/38, 1631/41, 1672/41, 1673/39, 1636/39, रकबा क्रमशः 7.01, 0.02, 0.10, 4.17, 0.07 बीघा भूमि, कुल 05 खसरान व भूमि 13.07 बीघा का खातेदार है। विप्रार्थी सं. 1 से 17 मौजा सिंधियों की ढाणी, तहसील पचपदरा के मूल खसरा संख्या 38, 39, 40, 41 के विभाजन से बने खसरान के रेकर्डेड खातेदार होने से व विप्रार्थी सं. 18 आवश्यक पक्षकार होने से विप्रार्थीगण दर्ज किये गये है।

विवादित आराजी मूल खसरा संख्या 38, 39, 40, 41 के विभाजन से बने खसरान की है, प्रार्थी खसरा संख्या क्रमशः 1029/38, 1631/41, 1672/41, 1673/39, 1636/39, रकबा क्रमशः 7.01, 0.02, 0.10, 4.17, 0.07 बीघा भूमि, कुल 05 खसरान व भूमि 13.07 बीघा का अभिलिखित खातेदार है। मूल खसरान संख्या 38, 39, 40, 41 में से राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क निकलने से खसरें विभाजित हो जाने से अलग अलग बट्टा नंबर कायम हुए।

मूल खसरा संख्या 38, 39, 40, 41 में से राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क का राजस्व रेकर्ड में अंकन त्रुटिपूर्ण किया गया। मौके पर सड़क जिस स्थान पर मौजूद है, नक्शे में तरमीम उससे भिन्न स्थान पर की गई है। जिसके कारण बट्टा नंबरों का सड़क के पूर्व और पश्चिम का पृथक पृथक रकबा भी जमाबंदी में दर्ज से न्यूनाधिक हो गया। राजस्व रेकर्ड नक्शे व जमाबंदी में त्रुटिपूर्ण इन्द्राज हो जाने के कारण प्रार्थी को भुमि के विभाजन व सुधार में बाधा उत्पन्न हो गई है जिससे यह प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक हुआ है।

2. राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क को वर्तमान मौजूद स्थान पर राजस्व नक्शा में दर्शाते हुए वर्तमान राजस्व नक्शे की प्रमाणित प्रति एवं मौके पर वास्तविक स्थिति का संशोधन हेतु प्रस्तावित मानचित्र परिशिष्ट "अ" तथा वास्तविक स्थिति अनुसार सड़क की तरमीम सही किये जाने पर मूल खसरा संख्या 38, 39, 40, 41 के बट्टा नम्बरों में होने वाले परिवर्तन का विवरण परिशिष्ट "ब" आवेदन पत्र के संलग्न...

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.03.10 18:48:44 IST
Reason: SelfAttested

लगातार 3 पर...

22/01/2021
सहायक कलेक्टर (S.D.O.) बालोतरा

Scanned with CamScanner

... प्रस्तुत किया है। मौके के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क को परिशिष्ट "अ" के नक्शे में सही प्रस्तुत किया गया है एवं इसके क्षैत्रफल में कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण उन्हें पक्षकार नहीं बनाया है। प्रार्थी ने निवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र के संलग्न प्रस्तुत परिशिष्ट "अ" व परिशिष्ट "ब" अनुसार राजस्व रेकर्ड नक्शा व जमाबंदी को दुरूस्त करने के आदेश करावें व तहसीलदार पचपदरा से राजस्व रेकर्ड नक्शा व जमाबंदी को दुरूस्त कर पालना रिपोर्ट मंगवाई जावें।

3. आवेदन पत्र दिनांक 14.01.2021 को दर्ज कर विप्रार्थीगण के विरूद्ध नोटिस जारी किये गये। विप्रार्थीगण संख्या 04 ता 17 की ओर से प्रस्तुत जवाब में आवेदन पत्र के तथ्यों को सही होना स्वीकार कर माफिक परिशिष्ट "अ" व परिशिष्ट "ब" अनुसार राजस्व रेकर्ड नक्शा व जमाबंदी को दुरूस्त करने में कोई आपत्ति नहीं होना व्यक्त किया है। इसी प्रकार विप्रार्थीगण संख्या 18 ने अपने जवाब में व्यक्त किया है कि खसरा संख्या 38, 39, 40, 41 में से राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क निकलने से खसरे विभाजित हुए परंतु रेकर्ड की तरमीम व राष्ट्रीय राजमार्ग मौके में अंतर के खसरान के राष्ट्रीय राजमार्ग के पूर्वी व पश्चिम की ओर के रकबों में रेकर्ड व मौके में अंतर है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संलग्न मानचित्र व मौका स्थिति के मिलान से खसरा संख्या 38 के बट्टा नंबर 1691/38, 1692/38 व 1697/38 में अंतर होने से तीनो खातेदारों के रूबरू पटवारी हल्का व भू–अभिलेख निरीक्षक द्वारा संलग्न मौका फर्द अनुसार एवं शेष की यथा प्रदर्शित परिशिष्ट अनुसार दुरूस्ती किये जाने से रेकर्ड व मौके की स्थिति दुरूस्ती किया जाना उचित होना उल्लेखित किया गया है। विप्रार्थी संख्या 18 ने जवाब के संलग्न पटवारी हल्का व भू–अभिलेख निरीक्षक पचपदरा की रिपोर्ट तथा फर्द मौका संलग्न किया है। दोनो की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के ख. सं. 38 में भिन्न स्थिति है, जिसकी पक्षकारान के रूबरू फर्द मौका तैयार की गई। शेष खसरान 39, 40, 41 की स्थिति मौके पर बताये अनुसार ही है। समस्त पक्षकारान के हिस्से में आने वाला क्षैत्रफल उनके स्वामित्व से अधिक नहीं है। प्रस्तावानुसार प्रार्थना पत्र व संलग्न फर्द मौका अनुसार रेकर्ड दुरूस्त किया जाना उचित है। तहसीलदार पचपदरा ने भी उक्त रिकार्ड दुरूस्ती बाबत् सहमति व्यक्त की है ।

इस प्रकार विप्रार्थी सं. 18 ने भी अपने जवाब में प्रार्थना अनुसार व खसरा संख्या 38 में पटवारी हल्का व भू–अभिलेख निरीक्षक पचपदरा द्वारा तैयार रिपोर्ट अनुसार राजस्व रेकर्ड नक्शा व जमाबंदी को दुरूस्त करने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर कर दुरूस्ती चाही है। विप्रार्थी संख्या 01, 02, 03 की ओर से यद्यपि जवाब प्रस्तुत नहीं हुए है किंतु उन पर नोटिस तामील हो चुके है, साथ ही विप्रार्थी संख्या 01, 02 व 03 ने [illegible] व भू–अभिलेख निरीक्षक पचपदरा द्वारा तैयार की गई फर्द मौका अनुसार [illegible] 38 [illegible] प्रस्तावित मानचित्र अनुसार मौका स्थिति होना स्वीकार करते [illegible]

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.03.10 18:41:44 IST
Reason: SelfAttested

लगातार 4 पर...

सहायक कलेक्टर (S.D.O.) बालोतरा
22/01/2021

Scanned with CamScanner

...विप्रार्थी संख्या 9 व प्रार्थी ने इसी फर्द पर हस्ताक्षर कर फर्द मौका अनुसार ख. नं. 38 का प्रस्तावानुसार संशोधन करना चाहा है। सरपंच ग्राम पंचायत मंडापुरा ने भी इस पर अपने हस्ताक्षर किये है।

4. हमने दोनो पक्षों के उपस्थित अधिवक्ता की बहस सुनी तथा पत्रावली का गहन अध्ययन किया।

5. सभी पक्षकार इस तथ्य से सहमत है कि ग्राम सिंधियों की ढांणी, तहसील पचपदरा के मूल खसरा संख्या 38, 39, 40, 41 में राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क का त्रुटिपूर्ण इन्द्राज होने से सड़क के पूर्व व पश्चिम का पृथक पृथक रकबा भी जमाबंदी में दर्ज से न्यूनाधिक हो गया है। सभी पक्ष इस तथ्य से भी सहमत है कि वास्तविक मौके की स्थिति अनुसार रेकर्ड में राष्ट्रीय राजमार्ग की सही तरमीम करने एवं पक्षकारों के मौके पर कब्जा अनुसार न्यूनाधिक क्षैत्रफल परिशिष्ट "अ" व परिशिष्ट "ब" अनुसार दर्ज करने में भी उन्हे कोई आपति नहीं है। प्रस्तुत तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाता है कि मौके पर राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क की तरमीम त्रुटिपूर्ण होने से पक्षकारों के मध्य क्षैत्रफल का अंकन न्यूनाधिक हुआ है, तथा वर्तमान वास्तविक मौका स्थिति अनुसार राजस्व रेकर्ड नक्शा व जमाबंदी में परिशिष्ट "अ" व परिशिष्ट "ब" अनुसार तथा विप्रार्थी सं. 18 द्वारा प्रस्तुत जवाब व संलग्न मौका फर्द अनुसार तरमीम दुरूस्त की जाना व राजस्व रेकर्ड में इन्द्राज दुरूस्त किया जाना न्यायोचित है।

उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थी तथा विप्रार्थीगण के जवाब में प्रस्तुत तथ्यों को स्वीकार करते हुए मौजा सिंधियों की ढांणी, तहसील पचपदरा के मूल खसरा संख्या 39, 40, 41 का पत्रावली के संलग्न नजरी नक्शा परिशिष्ट अ व खसरा नंबर 38 का तहसीलदार पचपदरा के जवाब में वास्तविक मौका अनुसार एवं पत्रावली के संलग्न ही परिशिष्ट ब अनुसार पक्षकार खातेदारान का हिस्सा बक्षैत्रफल निम्न प्रकार अभिलेख में दर्ज कर इन्द्राज दुरूस्त करने के आदेश दिये जाने है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क की नक्शे में पुर्व में त्रुटिपूर्ण तरमीम होने से परिशिष्ट अ में दर्शाये वास्तविक मौका अनुसार नक[illegible] दुरूस्त करने के भी आदेश दिये जाते है। राष्ट्रीय राजमार्ग के रकबे में कोई परिवर्तन नहीं [illegible] जावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.03.10 18:41:44 IST
Reason: SelfAttested

लगातार 5 पर...

22/01/2021
सहायक कलेक्टर (S.D.O.) बालोतरा

Scanned with CamScanner

| वर्तमान स्थिति | | | | प्रस्तावित संशोधन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खाता संख्या | खसरा संख्या | रकबा | नाम खातेदार | खसरा संख्या | रकबा | नाम खातेदार |
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 31 | 1661/38 | 3.00 | दयाचन्द पुत्र मन्नूदयाल सिंघल, संदीपकुमार वल्द मन्नूदयाल सिंघल कौम अग्रवाल सा. ऑलिम्पस मोटर्स आगरा रोड जयपुर खातेदार | 1661/38 | 3.00 | दयाचन्द पुत्र मन्नूदयाल सिंघल, संदीपकुमार वल्द मन्नूदयाल सिंघल कौम अग्रवाल सा. ऑलिम्पस मोटर्स आगरा रोड जयपुर खातेदार |
| 14 | 1681/38 | 2.00 | नारायण बलाणा वल्द रामलाल बलाणा कौम घांची मया हाल निवासी मुम्बई 400078 चौथाराम वल्द रामलाल कौम घांची सा. मुम्बई खातेदार | 1681/38 | 2.00 | नारायण बलाणा वल्द रामलाल बलाणा कौम घांची मया हाल निवासी मुम्बई 400078 चौथाराम वल्द रामलाल कौम घांची सा. मुम्बई खातेदार |
| 14 | 1029/38<br>1621/41<br>1672/41<br>1673/39<br>1636/39 | 7.11<br>0.02<br>1.10<br>4.17<br>0.17 | इब्राहिम वल्द अमीनखा कौम मुसलमान सा. देह खातेदार | 1029/38<br>1621/41<br>1672/41<br>1673/39<br>1636/39 | 5.06<br>0.02<br>1.05<br>6.06<br>0.07 | इब्राहिम वल्द अमीनखा कौम मुसलमान सा. देह खातेदार |
| | योग 05 | 13.07 | | योग 05 | 13.07 | |
| 57 | 1691/38 | 1.10 | गवरीदेवी पत्नी सेवाराम जाति खारवाल निवासी देवुरिया खारवालान् तहसील जोधपुर खातेदार | 1691/38 | 1.10 | गवरीदेवी पत्नी सेवाराम जाति खारवाल निवासी देवुरिया खारवालान् तहसील जोधपुर खातेदार |
| 57 | 1697/38<br>1021/38<br>1694/40 | 1.00<br>1.00<br>3.00 | मदन प्रजापत पुत्र जेठाराम जाति प्रजापत निवासी बालोतरा खातेदार | 1697/38<br>1021/38<br>1694/40 | 1.00<br>2.01<br>1.19 | मदन प्रजापत पुत्र जेठाराम जाति प्रजापत निवासी बालोतरा खातेदार |
| | योग 03 | 5.00 | | योग 03 | 5.00 | |
| 57 | 1692/38 | 1.10 | जयन्तराम खरोल पुत्र मनोलाल सा. रूगजान का हत्था नान्दड़ी जोधपुर, सुर्यकान्ता पत्नी सुमेरसिंह जाति खारवाल सा. पचपदरा खातेदार | 1692/38 | 1.10 | जयन्तराम खरोल पुत्र मनोलाल सा. रूगजान का हत्था नान्दड़ी जोधपुर, सुर्यकान्ता पत्नी सुमेरसिंह जाति खारवाल सा. पचपदरा खातेदार |
| 57 | 1032/40<br>1637/39<br>1634/41<br>1635/41<br>1671/41 | 8.13<br>2.04<br>5.08<br>8.00<br>5.07 | मिस्ता हलनखा बरकतखा बब्बुखा इब्राखा पि. उस्मानखा कौम मुसलमान सा. देह खातेदार | 1032/40<br>1637/39<br>1634/41<br>1635/41<br>1671/41<br>1031/38 | 9.14<br>0.17<br>7.08<br>5.22<br>5.07<br>1.04 | मिस्ता हलनखा बरकतखा बब्बुखा इब्राखा पि. उस्मानखा कौम मुसलमान सा. देह खातेदार |
| | योग 05 | 29.12 | | योग 06 | 29.12 | |
| 14 | 1675/41 | 1.01 | रामचन्द्र वल्द मालाराम विश्नोई सा.जोधपुर | 1675/41 | 1.01 | रामचन्द्र वल्द मालाराम विश्नोई सा.जोधपुर |
| 14 | 1676/41 | 0.13 | खीयाराम पुत्र खेताराम जाति जाट सा. अकदड़ा खातेदार | 1676/41 | 0.13 | खीयाराम पुत्र खेताराम जाति जाट सा. अकदड़ा खातेदार |
| 14 | 1709/41 | 0.17 | मैसर्स रतनसिंह चौहान क मनोदार राजेन्द्रसिंह चौहान पुत्र रतनसिंह चौहान जाति राजपूत सा.गांधीनगर बाड़मेर खातेदार | 1709/41 | 0.17 | मैसर्स रतनसिंह चौहान क मनोदार राजेन्द्रसिंह चौहान पुत्र रतनसिंह चौहान जाति राजपूत सा.गांधीनगर बाड़मेर खातेदार |
| 40<br>14 | 1632/41<br>1633/41 | 2.16<br>12.19 | बरकतखा पुत्र अमीनखा जाति मुसलमान सा. देह खातेदार | 1632/41<br>1633/41 | 2.16<br>12.19 | बरकतखा पुत्र अमीनखा जाति मुसलमान सा. देह खातेदार |
| | योग 02 | 15.15 | | योग 02 | 15.15 | |

तहसीलदार पचपदरा रेकर्ड में इसी प्रकार आवश्यक दुरूस्ती करावें। आदेश आज दिनांक 22.01.2021 को सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.03.10 18:14:44 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा
सहायक कलेक्टर
(S.D.O.) बालोतरा

Scanned with CamScanner